निबंधन संख्या पी0टी0-40

बिहार गजट
असाधारण अंक
बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

14 कार्तिक 1947 (श0)

(सं0 पटना 1706) पटना, बुधवार, 5 नवम्बर 2025

बिहार विधान परिषद् सचिवालय

अधिसूचना

10 अक्तूबर 2025

सं.- वि.प.स्था.- 07/2025 (नी.वि.)-3064(2)/वि.प.—बिहार विधान परिषद् सचिवालय (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्ते) नियमावली, 2018 के नियम 3 (क) एवं (ख) के अध्यधीन प्रदत्त शक्तियों में सभापति, बिहार विधान परिषद्, वित्त विभाग के परामर्श से बिहार विधान परिषद् सचिवालय में प्रोग्रामर एवं सहायक प्रोग्रामर के नयी कोटि का पद सृजन तथा वेतन स्तर-4 में उच्चवर्गीय लिपिक के स्थायी 35 (पैंतीस) रिक्त पदों को डाटा इंट्री ऑपरेटर (वेतन स्तर-4) के पद में सम्परिवर्तन करते हुए बिहार विधान परिषद् सचिवालय (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्ते) नियमावली, 2018 के अनुसूची-1 एवं अनुसूची-2 में निम्नवत् संशोधन करते है-

(1) अनुसूची-1 के क्रम सं. 7 में अंकित उच्चवर्गीय वर्गीय लिपिक के वेतन स्तर-4 के स्वीकृत बल कॉलम में 81(इक्यासी) में से 35 (पैतीस) पदों को डाटा इंट्री ऑपरेटर, वेतन स्तर-4 में सम्परिवर्तित किए जाने के फलस्वरूप उच्चवर्गीय लिपिक के स्वीकृत बल कॉलम में '46(छियालीस)' प्रतिस्थापित किया जाता है।

(2) अनुसूची-1 के क्रम सं. 34 में डाटा कोषांग के डाटा इंट्री ऑपरेटर के स्वीकृत बल कॉलम में '40(चालीस)' के स्थान पर '75(पचहत्तर)' प्रतिस्थापित किया जाता है।

(3) अनुसूची-1 के क्रम सं. 34 के बाद नया क्र.सं. 35 में नयी कोटि का पद प्रोगामर, वेतन स्तर-8 स्वीकृत बल कॉलम में '02 (दो)' प्रतिस्थापित किया जाता है।

(4) अनुसूची-2 के क्रम सं.15 पर अंकित सहायक प्रोग्रामर के 01(एक) पद को इस अनुसूची से विलोपित करते हुए नव सृजित एवं स्वीकृत वेतन स्तर-7 में सहायक प्रोग्रामर के 06(छः) पदों के साथ जोड़ते हुए अनुसूची-1 के क्रम सं. 35 के बाद नया क्रम सं. 36 में सहायक प्रोग्रामर, वेतन स्तर-7 के कुल स्वीकृत बल कॉलम में '07(सात)' प्रतिस्थापित किया जाता है।

क्रम सं.	पदनाम	वर्गीकरण	वेतनमान	पदों को भरे जाने का अनुपात		बहाली की रीति तथा नियुक्ति हेतु अर्हता	स्वीकृत बल
				प्रोन्नति	सीधी भर्त्ती		
7.	उच्चवर्गीय लिपिक	समूह- 'ग' अराजपत्रित	वेतन संरचना में वेतन स्तर-4	100%	--	बिहार विधान परिषद् सचिवालय (भर्त्ती एवं सेवा शर्तें) नियमावली, 2018 में यथाविनिर्दिष्ट रीति एवं अर्हता।	46(छियालीस)
34.	डाटा इंट्री ऑपरेटर	समूह- 'ग' अराजपत्रित	वेतन संरचना में वेतन स्तर-4	--	100%	सीधी भर्त्ती हेतु: 100% खुली प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से उन प्रत्याशियों के बीच से जिनके पास राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्थान या इंटरमीडएट परिषद् की इंटरमीडएट योग्यता हो तथा एक वर्ष का एडवांस डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन (ADCA) या परिषद् सचिवालय के नियमावली के नियम 9(ख) के अनुसार योग्यता हो। कम्प्यूटर पर 8000 की-डिप्रेशन प्रति घण्टा की गति।	75(पचहत्तर)
35.	प्रोग्रामर	समूह-'ख' अराजपत्रित	वेतन संरचना में वेतन स्तर-8	--	100%	सीधी भर्त्ती: 100% खुली प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से उन प्रत्याशियों के बीच से जिनके पास राज्य/ केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय/ संस्था से एम.सी.ए./ एम. टेक. (कम्प्यूटर साइंस) या बी.ई./बी. टेक. (इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी/	02(दो)

क्रम सं.	पदनाम	वर्गीकरण	वेतनमान	पदों को भरे जाने का अनुपात		बहाली की रीति तथा नियुक्ति हेतु अर्हता	स्वीकृत बल
				प्रोन्नति	सीधी भर्त्ती		
						कम्प्यूटर साईंस/ इलेक्ट्रॉनिक्स कम्युनिकेशन) की डिग्री हो। केन्द्र सरकार/ बिहार सरकार के अधीनस्थ विभाग/ संस्थान या बहुराष्ट्रीय कंपनियों/ संस्थाओं में एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग, एस. क्यू. एल., वेब डेवलेपमेंट, पाईथन में कम से कम दो वर्षों का कार्य अनुभव प्राप्त हो।	
36.	सहायक प्रोग्रामर	समूह-'ख' अराजपत्रित	वेतन संरचना में वेतन स्तर-7	--	100%	सीधी भर्त्ती: 100% खुली प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से उन प्रत्याशियों के बीच से जिनके पास राज्य/ केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय/ संस्था की एम.सी.ए./ बी.ई./ बी. टेक. (इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी/ कम्प्यूटर साईंस/ इलेक्ट्रॉनिक्स कम्युनिकेशन) की डिग्री या डाटा साईंस एण्ड एप्लीकेशन में स्नातक योग्यता हो।	07(सात)

शेष यथावत रहेगा।

सभापति, बिहार विधान परिषद् के आदेश से,
अखिलेश कुमार झा,
सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण)1706-571+100-डी0टी0पी0।
Website: https://egazette.bihar.gov.in